पंचायत सचिवों के समर्थन... पृष्ठ 2 | कलेक्टर ने साथी परियोजना... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

शुक्रवार, 21 मार्च 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 154, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए





।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


## पुलिस नक्सली मुठभेड़ में 30 माओवादी ढेर

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, सीएम साय और उपमुख्यमंत्री शर्मा ने जवानों को दी बधाई




**रायपुर.** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है. जवानों ने बस्तर क्षेत्र में आज सुबह से चल रही मुठभेड़ में अब तक कुल 30 नक्सलियों को मार गिराया है. बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भारी मुठभेड़ हुई, जिसमें अब तक 18 नक्सली ढेर कर दिए गए हैं. सुरक्षा बलों ने मौके से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया है. इस मुठभेड़ में बीजापुर छ्त्रक्त्र का एक जवान शहीद हो गया. इसके अलावा कांकेर-नारायणपुर सरहदी इलाके में भी सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, जहां 4 नक्सली मारे गए हैं. फिलहाल, दोनों ही इलाकों में सर्च ऑपरेशन जारी है. सुरक्षाबलों की इस बड़ी कामयाबी पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और गृह मंत्री विजय शर्मा ने जवानों को बधाई दी है. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जवानों को बधाई दी है. उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा कि नक्सलमुक्त भारत अभियानज् की दिशा में आज हमारे जवानों ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है. छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में हमारे सुरक्षा बलों के 2 अलग-अलग ऑपरेशन्स में 30 नक्सली मारे गए. मोदी सरकार नक्सलियों के विरुद्ध रुथलेस अप्रोच से आ बढ़ रही है और समर्पण से लेकर समावेशन की तमाम सुविधाओं के बावजूद जो नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर रहे, उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है. अगले साल 31 मार्च से पहले देश नक्सलमुक्त होने वाला है. नक्सल मुठभेड़ मामले में मिली सफलता पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि जवानों को बस्तर में बड़ी सफलता मिली. दो मुठभेड़ में 30 नक्सली मारे गए हैं. जवानों के साहस को नमन करते हैं. सुरक्षा बल के जवान मजबूती के साथ लड़ाई लड़ रहे हैं. बस्तर की खूबसूरती को लोग जल्द देख पाएंगे, अब ज्यादा समय नहीं लगेगा. मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद खत्म होगा. गृह मंत्री अमित शाह का संकल्प पूरा होगा. बस्तर स्वर्ग है, जहां देश-दुनिया के लोग जा पाएंगे. प्रदेश में डबल इंजन सरकार के होने का फायदा हो रहा है. समन्वय के साथ नक्सलियों से लड़ पा रहे हैं. उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में शांति और विकास की राह में बाधा बनने वालों के खिलाफ हमारी कार्रवाई जारी रहेगी. कांकेर और बीजापुर-दंतेवाड़ा की इन मुठभेड़ों में हमारे बहादुर जवानों ने जो पराक्रम दिखाया है, वह अद्वितीय है. सभी जवानों के साहस को सलाम करता हूं. शहीद जवान को शत-शत नमन.



## छग में बाघों की घटती संख्या पर बृजमोहन ने जताई चिंता, टाइगर रिजर्व विस्तार की मांग



**रायपुर ।** रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ में बाघों की संख्या में लगातार गिरावट पर चिंता व्यक्त की है। वर्ष 2014 में जहां राज्य में 46 बाघ थे, वहीं 2018 में यह संख्या घटकर 19 रह गई और 2030 में यह केवल 17 रह गई। इसके विपरीत, देशभर में बाघों की संख्या 2014 में 30 26 से बढ़कर 2030 में 3682 हो गई। यह दर्शाता है कि छत्तीसगढ़ में बाघ संरक्षण को लेकर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में छत्तीसगढ़ समेत देशभर में बाघ और अन्य वन्यजीवों के संरक्षण को लेकर महत्वपूर्ण सवाल उठाए। उन्होंने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री से देश में बाघ अभयारण्यों की संख्या, बाघों की जनसंख्या में हो रही वृद्धि या कमी, अवैध शिकार की घटनाओं, और वन्यजीवों के संरक्षण के लिए उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकारी मांगी। सांसद के सवालों के जवाब में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बताया कि देश में वर्तमान में 58 टाइगर रिजर्व हैं और सरकार बाघ संरक्षण के लिए विभिन्न योजनाओं पर कार्य कर रही है। इसके तहत टाइगर रिजर्व का विस्तार, आधुनिक तकनीक से निगरानी, मानव-पशु संघर्ष को कम करने के उपाय, और अवैध शिकार पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। पर्यावरण मंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ को बाघ और हाथी परियोजनाओं के तहत विभिन्न वित्तीय वर्ष 2021-30 में 355.85 लाख , 2030 -23 में 165.75 लाख, 2023-24 में 292.86 लाख और 2024-25 में 181.58 लाख रुपए की राशि जारी की गई है। सरकार द्वारा बाघों और अन्य वन्यजीवों के संरक्षण के लिए सीएसएस-आईडीडब्ल्यूएच योजना के तहत सहायता दी जा रही है, जिसमें वन्यजीव पर्यावासों का विकास, मानव-पशु संघर्ष की रोकथाम, और टाइगर रिजर्व में आवश्यक संरचनात्मक सुधार किए जा रहे हैं। बाघों के अवैध शिकार पर सांसद अग्रवाल द्वारा पूछे गए सवाल पर सरकार ने स्पष्ट किया कि पिछले तीन वर्षों में देशभर में बाघों के अवैध शिकार की घटनाओं की निगरानी की गई है और इस संबंध में राज्यवार आंकड़े संकलित किए गए हैं। हालांकि, अन्य वन्यजीवों से जुड़ी जानकारी केंद्र सरकार के स्तर पर नहीं रखी जाती।

## 25 मार्च से भव्य रुद्राभिषेक एवं श्री शिव महापुराण परेवाडीह में




**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 25 मार्च से 2 अप्रैल तक छबिलाल निषाद परिवार में श्री शिव महापुराण का आयोजन रखा गया है यह कार्यक्रम बड़ा होने जा रहा है, इस कार्यक्रम में सुबह शिलिंग की रुद्राभिषेक होनी है इसके बाद दोपहर लगभग 01:00 बजे से शिव पूर्ण की कथा आचार्य पं विनोद तिवारी के सुपुत्र अनंत तिवारी कहेंगे। आयोजक परिवार द्वारा उमरवाही परेवाडीह गोटाटोला एवं धोबनी इन चारों गांव के सुविधा के लिए परेवाडीह और उमरवाही के मध्य श्रीराम नगर स्थान पर आयोजन किए जाने की तैयारी की गई है। कथा विराम के पश्चात बड़ा भंडारा चलेगा ताकि कथा श्रवण करने वाले को सुविधा हो। आयोजक योगेन्द्र निषाद ने बताया कि इस कार्यक्रम को भले ही हम आयोजित कर रहे है परंतु ये कार्यक्रम जन जन को शिव जी से जोड़ने का भी प्रयास है। इसी कड़ी में उक्त कार्यक्रम के संबंध में स्थानीय सरपंच गेंदालाल सिंह ने कहा कि 4 गांव के लोग तो प्रमुखता से आयेंगे इसके अलावा बाहर से भी बड़ी संख्या में शिव भक्त यहा जुटेंगे, उसको लेकर व्यवस्था पूर्व से बनाने की तैयारी है।आयोजक परिवार के लक्ष्मण ने बताया कि सबको सुविधाजनक तरीके से कथा सुनने को मिले इसके लिए बड़े समतल स्थान का चयन किया गया है ताकि पार्किंग के लिए भी किसी प्रकार का तनाव ना आए।प्रथम दिवस कलश यात्रा के साथ कथा महात्मा से प्रारंभ हो जाएगी। आयोजक परिवार ने शिव भक्तों से आग्रह की अधिक से अधिक कथा श्रवण का लाभ लेने का अनुरोध किया है।

## डॉ गोकुल प्रसाद को मिला यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड

**डोंगरगढ़।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में सहायक प्राध्यापक प्राणीशास्त्र पद के विरुद्ध कार्यरत अतिथि व्याख्याता डॉ गोकुल प्रसाद साहू को शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के तत्वावधान मे सस्टेनेबल डेवलपमेंट एंड क्लाइमेट चेंज विषय पर आयोजित तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार में यंग साइंटिस्ट का अवॉर्ड से नवाजा गया। यह अवॉर्ड डॉ गोकुल प्रसाद साहू को विभिन्न गुफाओं में गुफा की पारिस्थितकी, वहां उपस्थित जीवों तथा गुफ़ाओ के वातावरण पर अपने शोध कार्य के लिए और साथ ही उनके अकादमिक कार्य को ध्यान में रखते हुए दिया गया, जिसमें दस वर्ष शिक्षकीय कार्य के साथ पांच रिसर्च पेपर को शामिल किया गया है, जिसमें लगभग 400 आवेदनों में डॉ साहू को यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड से नवाजा गया ।



इस तीन दिवसीय सेमिनार मे विदेशों से पधारे डॉ श्याम नारायन लाभ एवं डॉ बबीता लाभ त्रिभुवन यूनिवर्सिटी काठमांडू, नेपाल एवं दिग्विजय महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुचित्रा गुप्ता ने डॉ साहू को इस अवॉर्ड के लिए बधाई दी । सेमिनार मे देश विदेश से कई शोधार्थी एवं रिसोर्स पर्सन पधारे थे। 4, 5, एवं 6 मार्च को आयोजित इस तीन दिवसीय सेमिनार मे कई शोधपत्र पढ़े गए । देश के कई शहरों जैसे गोवा , रांची , नागपुर , नागालैंड, मुंबई, उत्तरप्रदेश, बिलासपुर, रायपुर, गरियाबंद, मुंगेली, से विभिन्न रिसर्चर्स एवं वैज्ञानिको ने अपना शोध प्रस्तुत किया । सेमिनार मे मुख्य रूप से वर्तमान परिदृश्य मे क्लाइमेट चेंज के दुष्प्रभावों के चलते पर्यावरण एवं प्राकृतिक संसाधनो के अत्यधिक ह्रास पर चर्चा की गई एवं इन समस्याओ से बचने के लिए सस्टेनेबल डेवलपमेंट पर जोर दिया गया। प्राकृतिक संसाधनो के संरक्षण का दायित्व किसी एक की नही अपितु प्रत्येक आम नागरिक की है , और इसकी शुरूआत हमे अपने अपने घरों से करनी होगी। पर्यावरण के संरक्षण के लिए हमे पर्यावरण विनाशक उत्पादों का बहिष्कार कर सस्टेनेबल उत्पादों का चयन करना होगा एवं क्लाइमेट चेंज से बचना होगा । इस पर सभी ने अपना समर्थन दिया। नेहरू महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ई. व्ही. रेवती एवं समस्त स्टॉफ ने डॉ गोकुल प्रसाद को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।

## मेडिकल कॉलेज मे वार्षिक उत्सव का आरम्भ



**राजनांदगांव ।** खेल इवेंट की प्रभारी डाक्टर आराधना टोप्पो ने बताया की राजनांदगाव के अटल विहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय मे 19 मार्च से वार्षिक उत्सव ढ्ढक्रढ्ढस् 2025 आयोजन का शुभारंभ हुआ है । शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय का वार्षिक उत्सव का आयोजन एक सप्ताह के लिए होना है, इसमें खेल के साथ, साहित्य, कलाकृति और संस्कृतिक कार्यक्रम होना है जो की 19 मार्च से प्रारम्भ होके 26 मार्च तक आयोजित होंगे जिसमे पूरा मेडिकल कालेज के छात्र स्टाफ बढ़कर हिस्सा लेंगे उद्घाटन के अवसर है प्रथम दिवस कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित थे उनके उपस्थति में खेल इवेंट का शुरुवात किया गया कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन के साथ उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की इस अवसर पर डीन डॉ. लुका,



मेडिकल सुप्रीटेंडेंट डॉ.देशकर, डॉ. जेठानी और खेल इवेंट के इंचार्ज डॉ.आराधना टोप्पो और डॉ. अनिल चन्द्रा व मेडिकल कालेज के स्टाफ डॉक्टर्स मुख्यरूप से उपस्थित थे।

## थाना डोंगरगांव के अज्ञात शव मर्ग की परिजनों की पता तलाश जारी

### जनसामान्य को अज्ञात शव की परिजन की जानकारी होने पर संपर्क करें थाना डोंगरगांव पुलिस को



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** दिनांक 16-05-23 को थाना डोंगरगांव क्षेत्रार्गत ग्राम बननवागांव के सुचक मनबहलसिंह रावटे पिता स्वग0 साहेबराम उम्र- 52 साल, के द्वारा मानवीय कर्तव्ये का निर्वहन करते हुये अज्ञात शव मिलने की सुचना देने पर थाना डोंगरगांव पुलिस के द्वारा मर्ग क्र0 51/2023 धारा- 174 जा0फौ0 कायम कर जांच कार्यवाही में लिया गया , जांच में अज्ञात मृतक थाना क्षेत्रार्गत के ग्रामों में घुम घुम कर मांग-खा रहा था, मानसिंक रूप से कमजोर जो अत्यंमत ही कमजोर दुर्बल अवस्था में था , जिसका हुलिया ङ्क कद 5 फीट 4- 5 इंच , रंग ङ्क सांवला , हाथ पैर सामान्यु , चेहरा पेर पका हुआ सफेद दाढ़ी , बदन ङ्क दुबला पतला , खुला बदन नीचे जीर्ण शीर्ण फुल पैंट पहना हुआ , जो बननवांगांव के पटेल बाहरा खार में भीखम साहू के खेत में मृत अवस्थाफ में पड़ा मिला । उक्ते अज्ञात मृत शव के हुलिया से उनके पता सकुनत की जानकारी होने पर थाना डोंगरगांव को सुचित करें ।

## जगद्गुरुत्तम कृपालु जी महाराज की प्रमुख प्रचारिका सुश्री धामेश्वरी देवी जी का राजनांदगांव में 15 दिवसीय प्रवचन श्रृंखला का आयोजन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जगद्गुरुत्तम श्री कृपालु जी महाराज एवं उनके द्वारा प्रदत्त विश्वप्रसिद्ध प्रेम मंदिर वृंदावन किसी पहचान की अपेक्षा नहीं रखते। वेद शास्त्रों के शास्त्रीय ज्ञान से जीव मात्र के आध्यात्मिक कल्याण के मार्ग को प्रशस्त करने वाले जगद्गुरुत्तम श्री कृपालु जी महाराज भारत ही नहीं वरन् विश्व के आध्यात्मिक गुरु हैं। जिन्होंने लुप्तप्राय हो चुके भारतीय अध्यात्म के ज्ञान के स्रोत वेदों शास्त्रों के गूढ़ज्ञान के वास्तविक स्वरूप को प्रकट किया एवं जनसाधारण के लिए सरलतम रूप में प्रचार कर उपलब्ध कराया। जिस तत्व ज्ञान को प्राप्त कर मानव देह प्राप्त जीव भगवद् प्राप्ति के लक्ष्य की ओर निश्चिंत होकर अग्रसर हो सके और लक्ष्य प्राप्त कर सके। ऐसे संत शिरोमणि श्री कृपालु जी महाराज जी की प्रमुख प्रचारिका सुश्री धामेश्वरी देवी जी का आगमन राजनांदगांव में होने जा रहा है। राजनांदगांव शहर में देवी जी के प्रवचन का आयोजन 25 मार्च से 8 अप्रैल तक स्टेट हाई स्कूल मैदान राजनांदगांव में सायं 7:00 से रात्रि 9:00 बजे तक नियत है। प्रवचन श्रृंखला में मनुष्य देह देव दुर्लभ, जीव का चरम लक्ष्य भगवद्प्राप्ति, भगवद् प्राप्ति के लिए भगवद् कृपा आवश्यक, मन बुद्धि की शरणागति से ही ईश्वर की प्राप्ति संभव, वास्तविक गुरु की शरणागति से ही भगवद् प्राप्ति संभव, संसार का स्वरूप आदि विषयों पर वेद, शास्त्रों, गीता, भागवत,रामायण आदि धर्म ग्रंथो के आधार पर ज्ञान का लाभ नगर वासियों को प्राप्त होगा।

## सांसद ने भोरमदेव मंदिर के विकास हेतु केंद्रीय पर्यटन मंत्री से की मुलाकात, सौंपा पत्र



### केंद्रीय पर्यटन मंत्री ने शीघ्र राशि स्वीकृत करने का दिया आश्वासन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय भोरमदेव के विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इसी कड़ी में सांसद संतोष पांडेय ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से सौजन्य भेंट कर छत्तीसगढ़ के खजुराहो भोरमदेव मंदिर के विकास और उसे भव्य-दिव्य स्वरूप देने हेतु राशि आवंटित करने का निवेदन कर पत्र सौंपा।

सांसद संतोष पांडेय ने केंद्रीय पर्यटन मंत्री से भोरमदेव मंदिर के सर्वांगीण विकास के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने मंत्री को अवगत कराते हुए कहा कि कवर्धा से लगभग 18 किलोमीटर की दूरी पर भोरमदेव मंदिर स्थित है। यह दुर्लभ बैगा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र सभी का आंखों का तारा हैं, इसे निहारने के लिए पूरे देश, विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आते हैं। भारतीय कला का एक अज्ञात रत्न छत्तीसगढ़ का खजुराहो के नाम से प्रसिद्ध भोरमदेव छत्तीसगढ़ के कला तीर्थ के नाम से विख्यात, मैंकल पर्वत श्रृंखला के गोद में बसे 11 वी सदी मे निर्मित भारतीय संस्कृति एवं कला की सम्मोहक छवि के साथ ही साथ धर्म, आध्यात्म, लौकिक जीवन के विविध पक्षों के साथ साथ वन्यजीव अभ्यारण, साल और बीजा के पेंडों की निर्मल छाया को संजोए हुए हैं। मंदिर परिसर में मां काली व हाथ में शिवलिंग रखे हुए हनुमान जी की अद्भुत प्रतिमा विराजित है। साथ ही यहां पुरातत्व विभाग का संग्रहालय स्थित है, जहां खुदाई में निकले हुए विभिन्न प्रकार की मूर्तियां व पुरातत्व अवशेष रखे हुए हैं। इसके अलावा मंदिर क्षेत्र में प्राचीन मड़वा महल व छेरकी महल भी स्थित है। उक्त पर्यटन स्थल पर सावन माह, महाशिवरात्रि व चैत्र कृष्ण तेरस के पर्व पर मंदिर परिसर पर अत्यधिक श्रद्धालु भगवान के दर्शन हेतु आते हैं। सावन माह मे बारिश के कारण श्रद्धालु को बरसते पानी के बीच ही दर्शन हेतु कतार मे लगना पड़ता है। देश एवं प्रदेश के लाखों भक्तों की आस्था अनुरूप भोरमदेव मंदिर में शेड



निर्माण, मंदिर के रख-रखाव व विशेष मरम्मत कार्य सहित प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, लैंडस्कैपिंग व श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के विस्तार सहित विभिन्न प्रकार के कार्यो की नितांत आवश्यकता है। सांसद पांडेय ने केंद्रीय पर्यटन मंत्री से छत्तीसगढ़ का खजुराहो कहा जाने वाला भोरमदेव मंदिर व मंदिर परिसर के विकास हेतु 10 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत करने का आग्रह किया। इस पर केंद्रीय मंत्री शेखावत ने भोरमदेव मंदिर के विकास हेतु शीघ्र राशि स्वीकृत करने का आश्वासन दिया। सांसद पांडेय ने मंत्री को भोरमदेव मंदिर में दर्शन करने हेतु पधारने का निमंत्रण भी दिया। जिस पर मंत्री ने मंदिर दर्शन की इच्छा भी जताई।

nandgaon times march-21-4.qxd 3/20/2025 11:58 PM Page 2



# पंचायत सचिवों के समर्थन में उतरी विभा

## मोदी की गारंटी पंचायत सचिव के शासकीयकरण पर हुई फिसड्डी साबित-विभा



**पंचायत सचिवों का हो शासकीयकरण-विभा**

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगाँव मुख्यालय में पंचायत सचिवों द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रांतीयत आवाह्न पर किये जा रहे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में क्षेत्र की नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विभा साहू पंचायत सचिवों का समर्थन करने पहुँचीं इस अवसर पर श्रीमती साहू ने कहा छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2024 के दौरान छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी ने मोदी की गारंटी के तहत अपने संकल्प पत्र में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने की बात कही थी। जिसके चलते प्रदेश भर के पंचायत सचिव भारतीय जनता पार्टी को भरपूर सहयोग करते हुए प्रदेश में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। लेकिन सरकार बनने के डेढ़ वर्ष बाद भी पंचायत सचिवों की एक सूत्रीय माँग शासकीयकरण अभी तक ठंडे बस्ते में है। श्रीमती साहू ने कहा कि झूठ बोलकर सत्ता हासिल करने वाली भारतीय जनता पार्टी हमेशा से ही झूठ का सहारा लेते रही है । डबल इंजन की बात कहकर प्रदेश वासियों को ठगने वाली इस सरकार के चाल चरित्र व चेहरे से जनता वाक़िफ़ हो चुकी है। इसी का परिणाम है कि प्रदेश भर के पंचायत सचिव अपने माँग को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। जिसके चलते ग्राम पंचायतों में नवनिर्वाचित सरपंचों को प्रभार देने एवं ग्राम पंचायत की विभिन्न समस्याओ के निराकरण करने में बाधा उत्पन्न हो रही है जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी भाजपा की सत्तारूढ़ सरकार की होगी। श्रीमती साहू ने आगे कहा महात्मा गांधी जी कहते थे भारत का हृदय गाँव में बसता है गाँव की प्रथम इकाई पंचायत सचिव को सरकार बनने के सौ दिन मात्र बाद ही शासकीयकरण करने की बात कहकर सत्तासीन हुई थी। भाजपा को तीन वर्ष बाद जनता उनके नकली मुखौटे को उखाड़ फेकेगी। इस अवसर पर हड़ताल में सचिव संघ ब्लाक डोंगरगांव के अध्यक्ष रामदुलार साहू,योगेश साहू, पुनमचंद साहू, कोमल साहू, निलेश धुर्वे, शशिकांत, मोनिका खत्री, ज्योति, राजकुमारी, विजय साहू, डेमन साहू , पूनम साहू, अफ्रोज सहित डोंगरगांव के समस्त सचिव सम्मिलित थे।

# राजपूत क्षत्रिय महासभा की स्थानीय पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन संपन्न

## चन्द्रपाल सिंह अध्यक्ष एवं विनोद सिंह सचिव बने



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादाह (पंजी. क्र.1282) की स्थानीय उपसमिति का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें सभी पदों पर आपसी रजामंदी से निर्विरोध निर्वाचन हुआ। इसमें सर्वसम्मति से चन्द्रपाल सिंह विनोद अध्यक्ष तथा किशोर सिंह बनाफर सचिव चुने गये। उपसमिति के निर्वाचन हेतु अधिसूचना अनुसार नामांकन तथा निर्वाचन कार्यक्रम आयोजन किया गया। इसमें सामाजिक बंधुओं द्वारा आपसी विचार विमर्श से नई पहल करते हुए आपसी सहमति व रजामंदी से निर्विरोध पदाधिकारियों का निर्वाचन किया। इनमें चन्द्रपाल सिंह विनोद को अध्यक्ष, किशोर सिंह बनाफर को उपाध्यक्ष, विनोद सिंह को सचिव, दानेन्द्र सिंह को कोषाध्यक्ष, सुखनंदन सिंह को सहसचिव, पूनमसिंह ठाकुर को केन्द्रीय निर्णायक सदस्य चुना गया। इसके अलावा गणेश सिंह ठाकुर को केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य, शशि ठाकुर को महिला मंडल अध्यक्ष, सरोज सिंह ठाकुर को सचिव, दुष्यंत सिंह को युवा मंडल अध्यक्ष व सचिव सौरभ सिंह को बनाया गया। इसके अलावा कार्यकारिणी में रघुवीर सिंह, सुरजीत सिंह, दीपक सिंह ठाकुर, लीलाशंकर सिंह, प्रवेश सिंह ठाकुर, राजू ठाकुर आदि को सम्मिलित किया गया। चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद समस्त निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारियों को उपस्थितजनों ने बधाई दी। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह विनोद ने सभी के साथ मिल जुलकर समाज के विकास और उत्थान की प्रतिबद्धता दोहराई।

# म्यूल बैंक खाताधारक बनकर की ठगी. 04 आरोपी साइबर व पुलिस के हत्थे चढ़े

## सायबर अपराधो मे प्रयुक्त म्यूल बैंक खाता धारको के विरूद्ध राजनांदगांव पुलिस की बड़ी कार्यवाही, 2 अलग-अलग प्रकरण में म्यूल खाता धारक कुल 4 अरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल





**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** मिशन सायबर सुरक्षा के तहत थाना डोंगरगढ़ और सायबर सेल राजनांदगांव की संयुक्त्त कार्यवाही। अवैध स्त्रोतो से प्राप्त रकम को अर्जित करने के लिए अपना व किसी अन्य का बैंक खाता एटीएम कार्ड, रजिस्टर्ड सिम, चेकबुक को दूसरे को बेचना, किराये व कमीशन पर देना दण्डनीय अपराध है। अवैध गतिविधियों से रकम को बैंक खाता धारक व संलिप्त के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है। वही वर्तमान में बढ़ रहे सायबर अपराधो से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु केन्द्र सरकार के गृहमंत्रालय विभाग द्वारा सायबर अपराधियों से संबंधित डाटा, सायबर ठगी में प्रयुक्त बैंक खातो की जानकारी को भारतीय सायबर अपराध समन्वय पोर्टल के माध्यम से विभिन्न राज्यों की पुलिस के साथ साझा किया जा रहा है। उसी क्रम में बढते हुये सायबर अपराधो की रोकथाम हेतु जन जागरूकता एवं सायबर अपराधियों एंव सायबर ठग गिरोह के म्यूल बैंक खाता की जांच कर सायबर सुरक्षा अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान के तहत समन्वय पोर्टल के माध्यम से थाना डोंगरगढ़ स्थित 4 बैंक खातो जिनका उपयोग विभिन्न सायबर अपराधो मे प्रयोग किया गया है को चिन्हाकिंत कर उक्त खाता धारकों के विरूद्ध थाना डोंगरगढ मे अपराध क्रमांक 113/25, धारा 317 (2) 317(4) 317(5), 111, 3 (5) बीएनएस तथा अपराध कमांक 117/25, धारा 411, 413, 414 भादवि पृथक-पृथक अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।प्रकरण में पुलिस आलाधिकारियो के मार्गदर्शन में, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी दिलीप कुमार सिसोदिया के पर्यवेक्षण में, थाना प्रभारी डोंगरगढ़ जितेन्द्र वर्मा एवं सायबर प्रभारी विनय कुमार पम्मार के नेतृत्व में संयुक्त टीम का गठित कर सर्वप्रथम दिनांक 19 मार्च.2025 को थाना क्षेत्रअंतर्गत खाता धारक पुष्पदीप भाटिया पिता उजागर सिंह भाटिया उम्र 24 वर्ष निवासी





खण्डूपारा वार्ड नम्बर 12 डोंगरगढ़ थाना डोंगरगढ़ मिहीर देवांगन पिता शेष नारायण देवांगन उम्र 22 वर्ष निवासी पुराना बस स्टैण्ड वार्ड नम्बर 01 डोंगरगढ़ थाना डोंगरगढ़ खेमेन्द्र कुमार साहू पिता माखन लाल साहू उम्र 28 वर्ष निवासी लालबहादुर नगर चौकी चिचोला थाना छुरिया तथा योगेन्द्र यादव पिता भूपाल यादव उम्र 31 वर्ष निवासी बजरंग चौक डोंगरगढ़ को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जिन्होने जुर्म करना स्वीकार किया, जिन्हे गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। जहाँ से आरोपीगणो को जेल दाखिल किया गया। आरोपीगणो के द्वारा किसके माध्यम से उक्त अकांउट को खुलवाया गया, किस माध्यम से उक्त बैंक खातो को सप्लाई किया गया है। जाँच की जा रही है। उक्त कार्यवाही मे थाना डोंगरगढ़ से निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, उप निरीक्षक भूषण चन्द्राकर, सउनि विजय साहू, आरक्षक प्रयांश सिंह तथा सायबर सेल राजनांदगांव से निरीक्षक विनय कुमार, आरक्षक जोगेश राठौर, मनोज खूंटे, जीवन ठाकुर का सराहनीय योगदान रहा है।

# डोंगरगढ़ ने मनाया होली मिलन एवं रंग उत्सव

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** मखियार वाल्मीकि समाज डोंगरगढ़ के द्वारा रंगउत्सव एवं होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समाज के सभी सदस्यों ने इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रंगों के इस उत्सव को उमंग व आनंद के साथ संपन्न किया। इस कार्यक्रम के दौरान श्री संदीप बघेल, जो पार्षद (भाजपा) एवं मखिहार समाज राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष हैं, का सम्मान किया गया। साथ ही, समाज की महिला शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हुए श्रीमती जीना शेखर सांडेकर *अछोली *. से पंच पद पर नियुक्त किया गया, जिसका समाजजनों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में श्री कंचन बघेल (अध्यक्ष, मक्खिहार वाल्मीकि समाज डोंगरगढ़), श्री रुपेश बघेल, आकाश बघेल, मनोज रगड़े, शेखर सड़ेकर, दिलीप बघेल, सुधीर बघेल, घनश्याम बघेल, धीरज रगड़े, सुरेश रगड़े, विक्रम रगड़े सहित समाज के अन्य प्रमुख सदस्य शामिल रहे। महिला शक्ति की विशेष भागीदारी भी देखने को मिली, जिसमें सुनीता बघेल (अध्यक्ष महिला विंग), सपना बघेल (उपाध्यक्ष), रीना रगड़े, मंजू बघेल, सुनैना बघेल, दिया बघेल, माया बघेल, सरिता बघेल, सुनीता रगड़े, श्वेता बघेल, सोनी रगड़े, पुष्पा साड़ेकर, किरण महानंद, निर्मला महानंद, गीता रनसुरे आदि उपस्थित रहे। इस आयोजन ने न केवल समाज की एकता और समर्पण को प्रदर्शित किया बल्कि समाज के गौरव को भी बढ़ाया। रंगों से सराबोर यह पर्व भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक बना।

# सनातनी सामाजिक संगठनों द्वारा बाइक में भव्य शोभायात्रा निकाली 30 को

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 30 मार्च 2025 रविवार को हिंदू नव वर्ष प्रारंभ होने जा रहा है, हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विश्व हिंदू परिषद एवं सभी । हिंदू नव वर्ष को एक त्यौहार के रूप में पारंपरिक तरीके से सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के साथ सनातनी समाज द्वारा सनातनी सामाजिक संगठनों द्वारा बाइक में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। बाइक शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं बाइक में सवार होकर हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं देती हैं , यह महिलाओं की शक्ति और सशक्तिकरण का प्रतीक है । विगत कई वर्षों से निकाली जा रही इस भव्य बाइक शोभायात्रा को इस वर्ष भी सफलतापूर्वक आयोजित करने हेतु आज परिषद के जिला कार्यालय महावीर चौक में संगठन की बैठक संपन्न हुई। बैठक में तय किए गए कार्यक्रम अनुसार 30 मार्च रविवार को संध्या 4:00 बजे महावीर चौक हनुमान मंदिर से यह बाइक शोभायात्रा प्रारंभ होगी । बैठक में 7 अप्रैल को रामनवमी के उपलक्ष पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रामनवमी शोभायात्रा समिति द्वारा भव्य शोभायात्रा के आयोजन पर भी सारगर्भित चर्चा संपन्न हुई । बैठक में विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश सहमंत्री श्री नंदूरामजी साहू, ओमप्रकाश अग्निहोत्रीजी, अरुण गुप्ता, अनूप श्रीवास, सुनील सेन, योगेश बागड़ी, राहुल बलदेव मिश्रा ,अंकित खंडेलवाल, बाबा जी मेश्राम, जुगल शर्मा, श्रीमती संगीता शुक्ला, श्रीमती अंजलि वाडेकर, श्रीमतीबबीता मिश्रा, हर्षवर्धन शर्मा, टीकाराम त्यागी, चंद्रेश जैन ,अखिलेश गुप्ता, रामावतार जोशी,विलास नारायण राव, प्रशांत सोनी, योगेश मुदलियार, प्रवीण शर्मा,गणेश देवांगन, राहुल ताम्रकार एवं कई अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे ।



# लू से बचाव के संबंध में आवश्यक सलाह

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गर्मी के मौसम को देखते हुए लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा मार्गदर्शी सलाह दी गई है। हीट वेव जिसे सामान्य भाषा में लू चलना कहा जाता है, जब वातावरण का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या 104 डिग्री फारेनहाइट से ज्यादा हो तो हीट वेव की स्थिति उत्पन्न होती है। जिसे सामान्य भाषा में लू चलना कहा जाता है।

इसका असर बच्चों, बुजर्गों एवं कोमार्बिड लोगों में सर्वाधिक होता है। हमारे शरीर के टेम्परेचर रेग्यूलेशन (तापमान नियंत्रण) मस्तिष्क के हाईपोथलेमस भाग से होता है। जब वातावरण 40 डिग्री सेल्सियस या 104 डिग्री फेरनहाइट से अधिक हो जाता है, तब टेम्पेरचर रेग्यूलेशन तंत्र प्रभावित होता है। परिणामस्वरूप तब हीट स्ट्रोक की स्थिति उत्पन्न होती है।

**शुभांक**

**1-2-8**

**120-3 788-3**

**भाग्यांक**

**225-9 240-6**

# भर्रेगांव में 22 एवं 23 मार्च को दो दिवसीय फाग गायन व झांकी प्रतियोगिता

## उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि श्रीमती देवकुमारी साहू जिला पंचायत सदस्य होंगे



**समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजनांदगांव नगर पालिक निगम महापौर मधुसूदन यादव जी होंगे**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्री ज्योत जवारा जस झांकी एवं फाग मंडली एवं समस्त ग्रामवासी भर्रेगांव के तत्वाधान में 22 एवं 23 मार्च को दो दिवसीय फाग गायन व झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। झांकी वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5000,द्वितीय 4000, तृतीय 3000, चतुर्थ 2000,पंचम 1000 प्रदान किया जाएगा। इसी तरह से गायन पक्ष में प्रथम पुरस्कार 4000 प्रदान की जाएगी, द्वितीय 3000,तृतीय 2000,चतुर्थ 1500, पंचम 1000 प्रदान की जाएगी। इसके अलावा आकर्षक पुरस्कार नगाड़ा 300,वादन 300,राधा कृष्ण 300 व वेशभूषा 300 डांसर 300 एवं प्रथम मंचस्थ मंडली को 300 प्रदान की जाएगी।उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि श्रीमती देवकुमारी साहू जिला पंचायत सदस्य राजनांदगांव क्षेत्र क्रमांक 3 होंगे,अंगेश्वर देशमुख जिला पंचायत सदस्य राजनांदगांव क्षेत्र क्रमांक 4, कार्यक्रम की अध्यक्षता मेघराज चंद्राकर जनपद सदस्य राजनांदगांव क्षेत्र क्रमांक 21,विशेष अतिथि श्रीमती लक्ष्मी बंजारे सरपंच ग्राम पंचायत भर्रेगांव, लक्की चंद्राकर उपसरपंच ग्राम पंचायत भर्रेगांव समापन समारोह के मुख्य अतिथि माननीय श्री मधुसूदन यादव जी महापौर राजनांदगांव,अध्यक्षता श्रीमती प्रतिमा पप्पू चंद्राकर अध्यक्ष जनपद सदस्य राजनांदगांव, विशेष अतिथि मनोज साहू अध्यक्ष भाजपा ग्रामीण मंडल राजनांदगांव, मेघराज साहू जनपद सदस्य राजनांदगांव क्षेत्र क्रमांक 21,रोहित चंद्राकर पूर्व सरपंच, श्रीमती लक्ष्मी बंजारे सरपंच ग्राम पंचायत भर्रेगांव, लक्की चंद्राकर उपसरपंच ग्राम भर्रेगांव होंगे,उद्घोषक राकेश कुमार साहू सिंघोलिया होंगे, वरिष्ठ नागरिक भारत लाल चंद्राकार,मदन लाल चंद्राकार, जीवन लाल केसरिया विष्णु केसरिया आयोजक समिति के अध्यक्ष नीलमणि सोनकर संरक्षक महेश निर्मलकर, गौकरण साहू, लोकेश यादव भानु प्रताप बंटी, उपाध्यक्ष छत्रपाल कोषाध्यक्ष टीकाराम साहू कुमुद कुमार साहू,सचिव सूर्यभान,सह सचिव सरस्वती पुष्पेंद्र निर्मलकर समिति सदस्यगण -विवेक साहू,कोमल यादव, मोहित निर्मलकर,रोहन साहू, मिथिलेश,अजय,संतराम निषाद,दयाराम, दुर्गेश कुंभकार,कुलदीप, दुर्गेश निर्मलकर, पन्नालाल,गोपी निषाद,योगराज,डोमन साहू, नेमचंद पटेल, मनोज, उमेश,पुखेद्र, संजू यादव, मोरध्वज,राहुल,चंदन,योगेंद्र, चूड़ामणि, डिगेश्वर हितेश्वर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन कार्यक्रम की व्यापक तैयारियां चल रही है।

# सार्वजनिक अवकाश 31 मार्च को खुले रहेंगे भारतीय स्टेट बैंक

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतिम कार्य दिवस सार्वजनिक अवकाश सोमवार 31 मार्च 2025 को शासकीय वित्तीय संव्यवहार (प्राप्तियां एवं भुगतान) संबंधी कार्य के लिए भारतीय स्टेट बैंक शाखा कलेक्ट्रेट शाखा राजनांदगांव, डोंगरगांव व डोंगरगढ़ को खुला रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही शाखा प्रबंधक को भारतीय रिजर्व बैंक के आवश्यक निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने कहा गया है।

# मेरी छवि धूमिल करने का कथित प्रयास - पूर्व सरपंच टीकाराम सोनकर

## रुदगांव मामले में लीगल नोटिस व मानहानि की तैयारी

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ब्लॉक के ग्राम पंचायत रुदगांव में सरपंच का प्रभार विवाद गहरा गया है। इस मामले में नवनिर्वाचित सरपंच भारती सोनकर द्वारा पूर्व सरपंच के कार्यकाल दौरान के लेनदेन से किनारा करते हुए प्रभार लेने से मना कर दिया था। अब इस घटनाक्रम से क्षुब्ध पूर्व सरपंच ने इस वाकये से मानसिक आघात पहुंचने का हवाला देते हुए संबंधितों के खिलाफ लीगल नोटिस भेजकर मानहानि का दावा करने की बात प्रेसवार्ता में कही है। ब्लॉक सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं रुदगांव के पूर्व सरपंच टीकाराम सोनकर ने प्रेस भवन में आहुत प्रेसवार्ता में बताया कि उन्होंने 6 मार्च को ग्राम पंचायत में सचिव के साथ नवनिर्वाचित सरपंच को विधिवत प्रभार सौंपने एक संक्षिप्त बैठक आहूत की थी। तब नवनिर्वाचित सरपंच को कुछ लोगों के द्वारा बरगलाते हुए प्रभार लेने से रोक दिया गया। पूर्व सरपंच की माने तो कुछ लोगों द्वारा नवनिर्वाचित सरपंच के नए होने व पंचायत कार्यों में जानकारी का अभाव होने का लाभ उठाते हुए पूर्व कार्यकाल में साढ़े सात लाख कर्ज होने का भ्रम फैलाते हुए नवनिर्वाचित सरपंच को डराया गया, जिससे उन्होंने प्रभार लेने से मना कर दिया। इस घटना से सचिव द्वारा जनपद पंचायत को भी अवगत कराया गया। पूर्व सरपंच ने प्रेसवार्ता में बताया कि दरअसल अपने कार्यकाल के अंतिम पड़ाव 2024 में उन्होंने 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत विधिवत पंचायत प्रस्ताव व मूल्यांकन सत्यापन के साथ 5 लाख का एक निर्माण कार्य कराया था, इसी दरमियान 2024 के 15 वें वित्त आयोग की राशि अटक गई। यह एक सतत प्रक्रिया है। लेकिन नवनिर्वाचित सरपंच को पंचायत कार्यों में जानकारी के अभाव का फायदा उठाते हुए कुछ लोगों ने सरपंच को डराते हुए भडकाया गया है। पूर्व सरपंच सोनकर ने बताया कि कुछ सोशल मीडिया से जुड़े तथा कथित पत्रकार लोगों के द्वारा उनकी छवि खराब करने अनर्गल एवं तथ्यहीन भ्रामक बातें वायरल कर मानसिक आघात पहुंचा रहे हैं। पूर्व सरपंच सोनकर ने संबंधितों को लीगल नोटिस भेजकर मानहानि का दावा करने की बात कही है।





**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मोहला जिला-मोहला-मानपुर-अं0चौकी (छ.ग.)**

// ईश्तहार//

एतत् द्वारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि, आवेदक श्री गोपीनाथ तिवारी पिता मनोज तिवारी निवासी आमापारा वार्ड नं. 08 अं.चौकी तहसील अं.चौकी जिला मोहला मानपुर अं.चौकी द्वारा ग्राम बिहरीखुर्द स्थित भूमि खसरा नं. 101/5 रकबा 0.040 हे0/400 वर्गमीटर भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन के लिये व्यपवर्तन कर पुननिर्धारण करने आवेदन पत्र के साथ नक्शा, खसरा, बी-1 एवं बयनामा की छायाप्रति की प्रति सहित आवेदन पेश किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति व उजर हो तो अपना दावा/आपत्ति दिनांक 04/04/2025 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित हो कर अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। समय बाद प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मोहला
मोहला-मानपुर-अं0चौकी

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ**

// ईश्तहार //

क्र 0/860/प.वा0-3/अ0वि0अ0/2025
राजनांदगांव, दिनांक 18/03/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक. दानेश्वर पिता टोपूराम, निवासी ग्राम बिजेतला, तहसील घुमका, जिला राजनांदगांव के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम बिजेतला, पटवारी हल्का नंबर 09, खसरा नंबर 97 व 98, रकबा क्रमशः 0.5750, 0.4450 हेक्टेयर के व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीयन बैनामा, स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 04/04/2025 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 18/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की अधिकारी मोहर से जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
राजनांदगांव

nandgaon times march-21-4.qxd 3/20/2025 11:58 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

1) वर्ष 2024 को अन्तर्राष्ट्रीय कैमेलिड (उष्ट्रगण) वर्ष घोषित किया?

2) ऑस्टियोक्लास्ट किससे संबंधित है?

3) भारतीय संविधान के किस संशोधन द्वारा न्यायपालिका कानूनों को अद्यतन बना दिया गया है?

4) भारत में स्थानीय स्वशासन के जनक कौन थे?

5) कैराकल जो हाल ही में विलुप्त होने के कगार पर होने के कारण खबरों में है किस प्रजाति से संबंधित है?

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) यूएन (2) हड्डी का निर्माण और हड्डी टूटना (3) 74 वें (4) लार्ड रिपन (5) जंगली बिल्ली

# कलेक्टर ने साथी परियोजना के संबंध में ली अधिकारियों की बैठक

### साथी परियोजना अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देना, कृषकों की आय दोगुना करना तथा मेक इन इंडिया, लखपति दीदी परियोजना को दिया जाएगा बढ़ावा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में महिला स्वसहायता समूह के विभिन्न उत्पादों एवं कृषक उत्पादक संगठन के विभिन्न फसलों के उत्पादन एवं विपणन हेतु साथी परियोजना के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की साथी परियोजना अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देना, कृषकों की आय को दोगुना करना तथा मेक इन इंडिया, लखपति दीदी परियोजना को बढ़ावा देना है। साथी परियोजना के तहत पूरे देश के सभी राज्यों के प्रत्येक जिले में साथी बाजार स्थापित किया जाना है। किसानों की आय दोगुनी करने, महिला स्वसहायता समूह को मजबूत करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना अंतर्गत जिले के किसानों तथा ग्रामीण क्षेत्र में स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने हेतु समूह की महिलाओं को एक अच्छा प्लेटफार्म प्राप्त होगा। साथी बाजार में स्थानीय उद्यमिता को प्रोत्साहन मिलेगा तथा उन्हें एफपीओ के माध्यम से अपने कृषि उत्पादों एवं अन्य उत्पादों की बिक्री तथा मार्केटिंग का अच्छा अवसर प्राप्त होगा। स्थानीय स्तर पर बनाए हुए उत्पादों की बिक्री, प्रसंस्करण, पैकेजिंग जैसे कार्य कर सकेंगे। दुकान एवं कोल्ड स्टोरेज जैसी सुविधा भी होगी। उद्यमिता के विकास के लिए लघु एवं मध्यम उद्यम को बढ़ावा देने हेतु शून्य लागत पर किराए की जगह प्रदान की जाएगी। उन्होंने साथी बाजार की स्थापना के लिए आवश्यक बजट, स्थल चयन, एफपीओ एवं स्वसहायता समूह के व्यवसाय के चयन के संबंध में चर्चा की। उन्होंने बताया कि कृषि उपज मंडी में साथी बाजार के संचालन के लिए स्थान का चिन्हांकन कर लिया गया है। इसे विकसित करने के लिए सभी आवश्यक प्रक्रिया यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर साथी संस्कारधानी फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के नाम की स्वीकृति की जानकारी दी गई।



जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि साथी परियोजना अंतर्गत साथी बाजार एक बहुत अच्छी अवधारणा है। जहां शहर के प्राईम लोकेशन में समूह की महिलाओं तथा एफपीओ को स्थान प्राप्त होगा। जहां वे अपने उत्पादों की बिक्री कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि साथी बाजार में कृषक एवं एफपीओ तथा समूह की महिलाएं सीधे ग्राहक को बाजार दर पर अपने प्रोडक्ट बिक्री कर सकेंगे। जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। साथी परियोजना के स्टेट हेड श्री अनुराग लाल ने बताया कि भारत सरकार द्वारा कृषक उत्पादन संगठन तथा महिला स्वसहायता समूह के उत्पादन से लेकर विपणन तक सहयोग करने के लिए स्वदेशी मॉल थीम पर साथी बाजार की स्थापना एफपीओ तथा महिला स्वसहायता समूह को मजबूत बनाने के लिए साथी परियोजना अंतर्गत साथी बाजार की स्थापना की जा रही है। जिसके तहत जिले में बाजार संचालक के लिए एफपीओ का महासंघ होगा। साथी बाजार में समूह तथा एफपीओ सीधे अपने उत्पादों को बाजार दर पर ग्राहकों को बिक्री कर सकते हैं। लोकल टू ग्लोबल की अवधारणा के अनुरूप एवं सामान्य सुविधा केन्द्र स्थापित किया जाएगा। जहां स्वसहायता समूह, एफपीओ तथा लघु व मध्यम उद्यमियों के उत्पादों को प्रसंस्करण कर पैकेजिंग, ब्रांडिग एवं मार्केटिंग सहयोग प्रदान किया जाएगा। साथी बाजार में कृषक सहायता केन्द्र, सुपर मार्केट, स्पेशल प्रमोशन जोन होंगे। लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए नि:शुल्क स्थल प्रदान किया जाएगा। इस स्पेशल प्रमोशन जोन अंतर्गत वे अपने उत्पादों को रियायती दरों पर बिक्री कर सकते हैं। फूड जोन एवं गेमिंग जोन भी होंगे। प्रत्येक जिले में साथी बाजार का संचालन एफपीओ फ्रेडरेशन द्वारा किया जाएगा। जिसमें 50 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। साथी परियोजना से किसानों, महिलाओं, लघु एवं मध्यम उद्यमी सशक्त होंगे। साथी परियोजना के माध्यम से फसलों का भंडारण सुविधा उपलब्ध होने से फसल कटाई के पश्चात होने वाले नुकसान को कम किया जा सकेगा तथा किसानों की आय में वृद्धि होगी। उत्पादन से वितरण तक कृषकों की सहभागिता रहेगी। पूरे देश के साथी बाजार आपस में जुड़े होंगे व एफपीओ तथा स्वसहायता समूह देश के किसी भी साथी बाजार में अपना उत्पाद रखकर बिक्री का विकल्प होगा। को-ऑर्डिनेटर साथी टेक्नो प्रोन्यर्स प्राईवेट लिमिटेड रायपुर से आये श्री मनीष साहा ने आवेदन, टेंडर, पंजीयन कराने, ले-आऊट, अनुबंध एवं प्रक्रिया तथा साथी बाजार में दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, उप संचालक कृषि श्री नागेश्वर लाल पाण्डेय, सहायक संचालक उद्यानिकी श्री राजेश शर्मा, नगर एवं ग्राम निवेश के उप संचालक श्री कमल सिंह, कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. गुंजन झा, कृषि उपज मंडी सचिव श्री टीआर वर्मा, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, नीति आयोग के प्रतिनिधि तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला मिशन प्रबंधक श्री पीनाकी डे सरकार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा 23 मार्च को नवनिर्वाचित महापौर , अध्यक्ष एवं पार्षदों का सम्मान समारोह

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ज्ञान मानसरोवर द्वारा 23 मार्च 2025रविवार को प्रात: 11:00 बजे नगर पालिक निगम राजनांदगांव के नवनिर्वाचित महापौर अध्यक्ष एवं पार्षदों का अभिनंदन एवं सम्मान समारोह ब्रह्माकुमारीज़ 卐ज्ञान मानसरोवर डोंगर गांव रोड ,गोकुल नगर के आगे, बिजली सब स्टेशन के पास राजनांदगांव में रखा गया है ।इस अवसर पर नव निर्वाचित महापौर मधुसूदन यादव जी एवं समस्त 51पार्षदों को आमंत्रित किया गया है ।उपरोक्त जानकारी स्थानीय सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन जी ने दी।

## माँ कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट के द्वारा होली मिलन समारोह किया गया.....

**धमतरी (नांदगांव टाइम्स)।** माँ कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष श्रीमती कमलेश गुप्ता के नेतृत्व में उनके निवास स्थान



(दुर्गा निवास) में होली मिलन समारोह किया गया, फाग गीत रंग उत्सव के साथ सभी बहने उपस्थित होकर आपस में एकजुट होकर उत्सव का आनंद लिए, श्रीमती सरोज तिवारी, श्रीमति बसंती शर्मा,श्रीमती कौशल ,श्रीमती का कमलिता,साहू श्रीमती रेणुका केसरवानी, श्रीमती सुनैना मिश्रा,श्रीमति रानु मालिक,श्रीमती श्रीमती सावित्री साहू, श्रीमती पूनम तिवारी, श्रीमती अनुसूईया पटेल, श्रीमती पटेल मैडम, विष्णु प्रसाद साहू , वृंदावन गुप्ता, श्रीमती पायल राजपूत, भुनेश्वर सिंह राजपूत उपस्थित रहे,ट्रस्ट के बारे में सबको बताते हुए आगे की कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। ट्रस्टी अध्यक्ष श्री संकर्षण शरण जी (गुरुजी) ने इस पवित्र कार्य के लिए सबको साधुवाद दिए।

## कोषालयों व उपकोषालयों को शासकीय अवकाश 29 एवं 30 मार्च को खुला रखने के निर्देश

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट से संबंधित देयक 28 मार्च 2025 तक कोषालयों व उपकोषालयों में लगाये जाने वाले देयकों को पारित करने एवं शासकीय जमा संबंधी वित्तीय संव्यवहारों के निष्पादन हेतु शासकीय अवकाश शनिवार 29 मार्च 2025 एवं रविवार 30 मार्च 2025 को समस्त कोषालयों व उप कोषालयों को खुला रखने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने शनिवार 29 मार्च 2025 एवं रविवार 30 मार्च 2025 को भारतीय स्टेट बैंक शाखा कलेक्ट्रेट शाखा राजनांदगांव, डोंगरगांव व डोंगरगढ़ को अनिवार्य रूप से चालू रखने कहा है। साथ ही अंतिम संव्यवहार की सूचना कोषालय अधिकारी से प्राप्त होने के उपरांत ही बैंक शाखा बंद करना सुनिश्चित करेंगे।

## छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के वंशज राजा अरविंद सिंह मेवाड़ को दी श्रद्धांजलि



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा ने आज महाराणा प्रताप चौक के पास स्थित महाराणा प्रताप जी की मूर्ति के सामने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के वंशज मेवाड़ राजा स्वर्गीय श्री अरविंद सिंह मेवाड़ को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी है। समाज के पदाधिकारी ने सामाजिक हित में काम करने वाले स्वर्गीय अरविंद सिंह मेवाड़ के कार्यों को संस्मरण करते हुए उनके निधन को समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। बता दें कि स्वर्गीय अरविंद सिंह मेवाड़ वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के वंशज थे, उन्होंने राजपूत समाज की सभ्यता और संस्कृति को लेकर के आजीवन समाज हित में काम किया और राजपूत समाज को हमेशा प्रगति की ओर अग्रसर करने के लिए लोगों को प्रेरित करते रहें। वे लंबे समय से बीमार थे, लंबी बीमारी के बाद 16 मार्च को उदयपुर में उनका निधन हो गया। करणी सेवा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह ने बताया कि राजपूत समाज के लिए यह अपूरणीय क्षति है। छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा ने इस अवसर पर उनके द्वारा मेवाड़ की संस्कृति और परंपरा को संरक्षित करने के प्रयासों की सराहना की और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा में जय नारायण सिंह, डॉ. आरपीएस भदोरिया, आरएन सिंह, संजय बहादुर सिंह, युवा अध्यक्ष गोल्ड भदोरिया, कपिल सिंह, अजय सिंह कुशवाहा, अभिषेक सिंह, पवन राठौर, गोल्डी भार्गव, संतोष सिंह राजपूत और डॉ. विशाल ठाकुर सहित अन्य प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।

## स्वच्छता रैंकिंग में सम्मान दिलाने वाले प्लेसमेंट सफाई कर्मियों में रोष



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** स्वच्छता सर्वेक्षण में इस बार आगे पायदान पर आने के लिए नगर निगम ने कमर कस ली है। निगम प्रशासन का पूरा फोकस स्वच्छता रैंकिंग पर है, जिसके लिए सफाई कर्मियों को नियमित सफाई करने की हिदायत भी दी है, लेकिन बड़ी बात यह है कि निगम प्रशासन को स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग में सम्मान दिलाने वाले सफाई कर्मचारी समय पर वेतन नहीं मिलने से परेशान है। पीएफ की राशि में कटौती को लेकर भी सफाई कर्मचारी निगम प्रशासन को अवगत करा चुके है। इसके बाद भी न सफाई कर्मियों को हर माह समय पर वेतन मिल रहा है और न पीएफराशि उनके खाते में जमा हो रही है। नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन संघ के अध्यक्ष गोलू नायक ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी में सफाई कर्मी जी तोड़ मेहनत कर रहे है। गोलू ने कहा कि रैंकिंग अच्छा मिलने पर इसका पूरा श्रेय निगम के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को मिलता है और शहर की गंदगी उठाने वाले सफाई कर्मियों को समय पर वेतन तक नहीं मिलता। वर्तमान में भी सफाई कर्मचारी स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी में जुटे हुए है। कर्मचारी सुबह से शहर की सड़कों के साथ नालियों की गंदगी साफकर रहे है। इसके बाद भी प्लेसमेंट सफाई कर्मियों को समय पर वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण कर्मचारियों को आर्थिक संकट से हर माह जूझना पड़ता है। अभी भी प्लेसमेंट सफाई कर्मियों को वेतन भुगतान नहीं हुआ है। हर बार निगम अधिकारी और जनप्रतिनिधि सफाई कर्मचारियों को आश्वासन ही देते आ रहे है, लेकिन समय में वेतन भुगतान नहीं कर रहे है, जिसको लेकर सफाई कर्मियों में रोष है।

# एक मंच पर दिखेंगीं ड्रोन दीदी और पैड वूमेन

### महिला दिवस के अवसर पर अलग-अलग क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा बनवाने वाली महिलाओं का होगा सम्मान

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** समाज से लोहा लेकर अपनी प्रतिभा के दम पर अपनी पहचान बनाने वाली महिलाओं को एक ही मंच पर छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा और पद्मावत महिला कल्याण समिति सम्मानित करने जा रही है, जहां पर समाज के अलग-अलग क्षेत्र में सामाजिक हितों और उद्देश्यों को लेकर काम करने वाली महिलाओं का सम्मान किया जाएगा, इनमें वे महिलाएं शामिल है, जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्र में सामाजिक दायित्व को बखूबी निभाया है। महिला दिवस के अवसर पर महाराणा के प्रताप भवन में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं का सम्मान किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा महिला विंग और पद्मावत महिला कल्याण समिति के संयुक्त तत्वाधान में 22 मार्च को महिला दिवस का आयोजन किया जा रहा है, जहां पर समाज के अलग-अलग क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा, इनमें वे महिलाएं शामिल हो रही है, जिन्होंने अपने सामाजिक दायित्व को बखूबी निभाते हुए समाज को एक नई दिशा देने का काम किया है। आयोजन में ऐसे ही महिलाओं को चिन्हित करते हुए उन्हें एक मंच पर सम्मानित किए जाने का फैसला लिया है। 22 मार्च को होने वाले महिला दिवस के आयोजन में इन महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा।

**कार्यक्रम में शामिल होंगी पद्मश्री फुलबासन यादव**



आयोजन की जानकारी देते हुए पद्मावत महिला कल्याण समिति की अध्यक्ष सुषमा सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग महापौर अलका बाघमार उपस्थित रहेंगे। वहीं महिला सशक्तिकरण के लिए जाने जाने वाली पद्मश्री फुलबासन यादव भी कार्यक्रम में मौजूद रहेगी, इनके अलावा कार्यक्रम में वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव उपाध्यक्ष किरण साहू सहित पूर्व महापौर हेमा देशमुख भी मौजूद रहेंगी।

**सम्मानित होंगी प्रतिभाएं**

कार्यक्रम में 80 एकड़ में नई तकनीक से खेती करने वाली ड्रोन दीदी के रूप में मशहूर शांति विश्वकर्मा और महिलाओं को नि:शुल्क पद वितरण करने वाली फैट वूमेन कविता निषाद का सम्मान किया जाएगा। इसके अलावा विकलांग होते हुए भी जरूरतमंदों की मदद करने वाली ममता चंद्रवंशी और पूर्णिमा साहू का भी सम्मान किया जाएगा। वहीं नक्सली क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त करने सिलाई बुनाई की ट्रेनिंग देने वाली पुन्या सिन्हा, एलिजा, सुनीता पोर्ते, साधना संगीता, लक्ष्मी गंधर्व, तरुण साहू सहित अन्य महिलाओं का सम्मान किया जाना है। सम्मान की इस श्रृंखला में लोक संस्कृति का परचम पूरे विश्व में लहराने वाली पूनम विराट को भी सम्मानित किया जाएगा।

## धर्म समाचार....

# प्रदोष व्रत पर ये गलतियां पड़ सकती हैं भारी, नहीं मिलता पूजा का पूरा फल



मान्यताओं के अनुसार प्रदोष व्रत करने से साधक को शिव जी की असीम कृपा की प्राप्ति होती है। साथ ही इससे साधक के सभी कष्ट भी दूर होते हैं और उसकी मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। अगर आप प्रदोष व्रत रखते हैं तो कुछ नियमों का ध्यान जरूर रखें ताकि आपको व्रत का पूर्ण फल प्राप्त हो सके।

हर माह में दो बार प्रदोष व्रत किया जाता है, जिसमें से एक बार कृष्ण पक्ष में आता है और दूसरा शुक्ल में। इस तिथि पर शिव जी के निमित्त व्रत और पूजा-अर्चना करने से भोलेनाथ प्रसन्न होते हैं, जिससे साधक को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है। इस दिन पर शिव जी की पूजा प्रदोष काल में करना का विधान है।

**प्रदोष व्रत का शुभ मुहूर्त**

चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि का प्रारंभ 27 मार्च को देर रात 01 बजकर 42 मिनट पर हो रहा है। वहीं इस तिथि का समापन 27 मार्च को रात 11 बजकर 03 मिनट पर होगा। ऐसे में प्रदोष व्रत गुरुवार, 27 मार्च को किया जाएगा। गुरुवार के दिन पड़ने के कारण इसे गुरु प्रदोष व्रत भी कहा जाएगा। इस दिन भगवान शिव की पूजा का मुहूर्त ये रहने वाला है - भगवान शिव की पूजा का मुहूर्त - शाम 06 बजकर 50 मिनट से रात 09 बजकर 11 मिनट तक

**भूल से भी न करें ये काम**

प्रदोष व्रत करने वाले साधक को इस दिन पर नमक का सेवन नहीं करना चाहिए, इसके स्थान पर केवल फल और जल का सेवन करना चाहिए। पूजा के दौरान अपने मन में किसी तरह का नकारात्मक विचार न लाएं। झगड़ा करने या झूठ बोलने से भी साधक को व्रत का पूर्ण फल प्राप्त नहीं होता।

इसी के साथ ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए। साथ ही प्रदोष व्रत की पूजा में काले वस्त्र भी धारण न करें। व्रत न करने वाले साधक को भी प्रदोष व्रत के दिन तामसिक भोजन से दूरी बनानी चाहिए।

**शिवलिंग पर अर्पित न करें ये चीजें**

प्रदोष व्रत के दिन या किसी अन्य दिन पर भी शिवलिंग पर टूटे चावल, हल्दी, तुलसी, सिंदूर और नारियल आदि चीजें अर्पित नहीं करनी चाहिए। क्योंकि इस चीजों को शिवलिंग पर अर्पित करना शुभ नहीं माना जाता।

## रवि पुष्य नक्षत्र में मनेगा प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव, अभी से नोट कर लीजिए सुख, शांति व समृद्धि के उपाय




हर सनातनी और राम भक्त को अपने प्रभु का जन्मोत्सव का बेसब्री के इंतजार रहता है। इस वर्ष यह 6 अप्रैल को देशभर में विशेष आयोजन होंगे। ज्योतिषाचार्य पं. अमर डब्बावाला ने बताया कि इस बार दशरथ नंदन श्री राम का जन्मोत्सव बहुत विशेष योग में मनाया जाएगा। रामनवमी पर छह अप्रैल को रवि पुष्य नक्षत्र के महासंयोग में दशरथ नंदन श्री राम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। खास बात यह है कि इस दिन पुष्य नक्षत्र सुबह से लेकर रात तक विद्यमान रहेगा। रवि पुष्य को नक्षत्रों का राजा माना गया है। इसकी साक्षी में चैत्र नवरात्र की पूर्णाहुति व श्रीराम की आराधना शुभफलदायी मानी गई है। विशेष यह भी है कि इस दिन पंचग्रही युति योग भी रहेगा। ज्योतिषाचार्य पं. अमर डब्बावाला ने बताया कि किसी भी महापर्व के दिन योग, संयोग व विशिष्ट नक्षत्र की मौजूदगी इसकी शुभता को और बढ़ा देती है। इस बार छह अप्रैल को रामनवमी के दिन सुबह से रात्रि पर्यंत पुष्य नक्षत्र की साक्षी रहेगी। रविवार के दिन पुष्य नक्षत्र धर्म आराधना व पूजन के लिए विशेष माना गया है। इसकी मौजूदगी में नवरात्र की पूर्णाहुति तथा प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव मनाना विशेष शुभ है। वाल्मीकि रामायण एवं रामचरितमानस में चौपाइयों के माध्यम से संकट, पीड़ा, अपमृत्यु आदि के दोष का निराकरण बताया गया है। रामायण में बहुत से छंद दोहे व चौपाइयां इस प्रकार से हैं जो मानसिक तनाव, चिंता और व्याधियों से मुक्ति का मार्ग बताते हैं। राम जन्म के समय इनका पाठ विशेष लाभ प्रदान करता है।

nandgaon times march-21-4.qxd 3/20/2025 11:58 PM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# पंचायतों में कामकाज ठप्प

## ग्रामीण भटक रहे ईधर- उधर



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीयकरण की मांग को लेकर 17 मार्च से ग्राम पंचायतों के सचिवो के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ जाने से ग्राम पंचायतों में कामकाज पूरी तरह से ठप्प पड़ गए है और ग्रामीण परेशान हो ईधर-उधर भटक रहे है। इसको लेकर सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राजाराम उइके ने बताया कि राज्य की सत्ता में काबिज भाजपा सरकार ने विधानसभा चुनाव के पूर्व अपनें घोषणा पत्र मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करनें का वादा किया था। लेकिन 15 महीनें का समय बीत जानें के बाद भी सचिवों को शासकीयकरण करनें की दिशा में अब तक पहल नहीं की गई है। जिससे प्रदेश भर के सचिव स्वयं को ठगा महसूस कर रहे है और मांग पूरी नहीं हुई तो हड़ताल भी समाप्त नहीं होगा.

पंचायतों में कामकाज ठप्प, ग्रामीणों पर हो रहा असर- सचिवों के हड़ताल से ग्राम पंचायतों के कामकाज पर बुरा असर हो रहा है। क्योंकि जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से लेकर पेंशन योजना सहित दर्जनों सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों को समय पर दस्तावेज नहीं मिल रहे है। सचिवों के हड़ताल का सीधा असर ग्रामीणों पर हो रहा है। हड़ताल से पंचायतों में तालाबंदी की स्थिति हो गई है। इसके लिए सरकार ने कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की है ताकि ग्रामीणों के कामकाज प्रभावित न हो।

नए सरपंचों के वित्तीय प्रभार व हस्ताक्षर के काम भी अटके- इधर पंचायत चुनाव के बाद नए चुनकर आएं सरपंचों ने अब तक वित्तीय रूप से प्रभार नहीं लिया है। क्योंकि अधिकतर पंचायतों में पुरानें सरपंचों ने अपनें कार्यकाल का हिसाब-किताब पूर्ण नहीं किया है। वहीं सचिवों की गैरहाजिरी में नए सरपंच पुरानें सरपंच से चार्ज नहीं लेंगे। यानी पंचायती कार्य प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा जनपद व बैंकों में सरपंचों के हस्ताक्षर बदलनें का कार्य भी नहीं किया गया है।

1 अप्रैल को प्रदेश भर के सचिव घेरेंगे मंत्रालय- अनिश्चितकालीन हड़ताल के बीच प्रदेश भर के सचिव 1 अप्रैल को मंत्रालय का घेराव करनें राजधानी में जुटेंगे। इसके लिए भी सचिवों ने कवर्धा में आयोजित बैठक में रुपरेखा तय कर ली है। ब्लॉक स्तरीय हड़ताल के लिए अध्यक्ष राजाराम उइके के नेतृत्व में ब्लॉक भर के सचिवों ने जनपद सीईओं को ज्ञापन सौंपकर शासन से अपनी मांग को रखा है, अब देखना है कि सरकार माँगो पर विचार कर पूरा करती है या नहीं।

# प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का लाभ लेने से कोई भी पात्र हितग्राही न हो वंचित - कलेक्टर

## कलेक्टर ने छूटे हुए पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का लाभ लेने के लिए सर्वेक्षण में शामिल होने की अपील की

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्रामीण विकास मंत्रालय ग्राम विकास विभाग भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के क्रियान्वयन में वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक वृद्धि की गई है। योजनांतर्गत छूटे हुये पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्रदान करने के लिए वर्ष 2018 में तैयार किए गए आवास प्लस सूची को नये मापदण्ड अनुसार संशोधित किया गया है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने सभी छूटे हुए पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का लाभ लेने के लिए सर्वेक्षण में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का लाभ लेने से कोई भी पात्र हितग्राही वंचित नहीं होना चाहिए। इस महती योजना का लाभ लेने के लिए ग्राम पंचायतों के सचिव, आवास मित्र एवं रोजगार सहायक से संपर्क जरूर करें।उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत जिले के सभी विकासखंडों के ग्राम पंचायतों में सर्वेक्षण के लिए ग्राम पंचायत के सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र को प्रगणक बनाया गया है, सर्वे करने वाले प्रगणक का पंजीयन आवास साफ्ट पोर्टल पर अनिवार्य किया गया है। नये मापदण्ड के आधार पर ग्राम पंचायतों में सभी पात्र परिवारों को आवास प्लस सूची में शामिल करने के लिए प्रगणकों द्वारा आवास एप के माध्यम से सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत पात्र हितग्राही स्मार्ट फोन एवं पोर्टल के माध्यम से स्वयं भी अपना सर्वेक्षण कर सकते है। इसके लिए स्मार्ट फोन के प्लेस्टोर में जाकर फेस ऑथेंटिकेशन सहित आवास प्लस के अपडेट लेटेस्ट वर्शन 2.1.20 के वेबसाईट एवं आधार फेस आरडी (प्ले स्टोर) अपलोड कर सकते हैं। जिसके लिए पात्र परिवार का आधार कार्ड एवं जॉब कार्ड सहित अन्य आवश्यक जानकारी अपलोड कर सकते है। इसमें किसी भी प्रकार के तकनीकी समस्या हेतु संबंधित जनपद पंचायत के आवास के कर्मचारी ग्राम पंचायत के सचिव, आवास मित्र, रोजगार सहायक से संपर्क किया जा सकता है। योजना का लाभ उन्हीं पात्र परिवारों को दिया जाएगा, जो आवश्यक पात्रता की शर्तों को पूरा करेंगे।

# द्विवेदी के घर पहुंचा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक

## बरसो बाद मिला उपभोक्ताओं को न्याय, खाताधारको ने किया शाखा प्रबन्धक का अभिनंदन





**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** किसानों की सुविधा को देखते हुए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा डोंगरगढ़ का लंबे समय के बाद जयस्तम्भ चौक से स्थांतरित कर सिविल लाइन स्थित द्विवेदी का काम्पलेक्स भवन में लंबे समय से मांग होने के बाद इस मांग को पूरा कराने में योगेंद्र शर्मा के प्रयास से भाजपा को यह सफलता मिली. ज्ञात हो कि पिछले लंबे समय से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक का संचालन जयस्तम्भ चौक स्थित गट्टानी परिवार के भवन में बैंक संचालन कार्य संपादित किया जा रहा था और आए दिन पार्किंग से लेकर कई प्रकार असुविधाओ के सम्बन्ध में ऊपर तक शिकायते की जा रही थी जिसको लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से लेकर भाजपा के पदेन सभी पदाधिकारियों से निवेदन करने के बाद पहली बार यह सुविधा मिली है कि बैक उपभोक्ता अपनी सुविधानुसार बैंक पहुँच कर अपने हितग्राहियों को अपनी इच्छानुसार कार्य संपादित करने में सफलता दिलाकर अपने आप को सौभाग्यशाली समझेंगे. आखिरकार यह सफलता योगेंद्र शर्मा के प्रयासो से प्राप्त हुई है जिसके लिए द्विवेदी परिवार से लेकर रामजी भारती के परिवारों ने छत्तीसगढ़ परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते दिखाई दिए. इस अवसर पर मुख्य अतिथि सचिन बघेल, वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश गाँधी, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, प्रदेश संगठन महामंत्री भरत वर्मा, पूर्व जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष शशिकांत दिवेदी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रशांत कोडापे, नपाध्यक्ष रमन डोंगरे, भाजपा मंडल अध्यक्ष जसमीत बन्नोआना, मंदीर ट्रस्ट समिति अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, सुमीत मिश्रा, मूलचंद लोधी, श्रीमती संगीता टेम्भूरकर, चंद्रिका डडसेना, सुरेंद्र सिंह बन्नोआना, सुनील जैन अमित जैन, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, हीराराम वर्मा, कुलवंत कक्कड़ सहित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के कार्यपालन अधिकारी प्रभात मिश्रा, शाखा प्रबन्धक योगेंद्र शर्मा, जिला शाखा प्रबन्धक प्रकाश अखिलेश, मनीष श्रीवास्तव, दुर्गा नगपूरे, एस के द्विवेदी, अजय सेन समीर नागदौने सहित सभी सोसायटी के प्रबन्धक व अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे.।

# खुडमुडी में भगवान श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन एवं माता बहादुर कलारिन प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा स्थापना 23 मार्च को

## कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला महिला अध्यक्ष कलार समाज निर्मला जितेंद्र सिन्हा होंगे



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ कलार समाज ग्राम खुडमुडी जिला राजनांदगांव में भगवान श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन एवं माता बहादुर कलारिन प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा मूर्ति स्थापना 23 मार्च को की जा रही है। कार्यक्रम के तहत 23 मार्च को प्रात: 9 बजे माता बहादुर कलारिन प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा एवं पूजा, 11बजे अतिथि स्वागत वंदन अभिनंदन, दोपहर 1 बजे समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं एवं युवाओं को गौरवशाली सम्मान और संध्या 3 बजे जय बजरंग मानस परिवार जनकपुर खिलौरा वालों का मानस गान होगा। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डागेश्वर सिन्हा प्रांता युवा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कलार समाज, शिव शंकर डडसेना जिला अध्यक्ष कलार समाज राजनांदगांव,श्रीमती निर्मला जितेंद्र सिन्हा जिला महिला अध्यक्ष कलार समाज राजनांदगांव के मुख्य अतिथि में होगा। बिदेशी राम सिन्हा ग्राम प्रमुख, पवन कुमार सिन्हा युवा मंच, पदमनी सिन्हा महिला मंच एवं समस्त डडसेना सिन्हा कलार समाज ग्राम खुडमुडी नारायण,देवनाथ, मेघनाथ, उभे सिन्हा, प्रेमलाल,खोम लाल,चैतराम, टिकेश्वर, सोहन,इंद्र कुमार, रामहू, बिदेशी,गणेशु, बैन लाल नरोत्तम,राजेश, गोपाल, भुवन,बसंत, भोज सिन्हा, मनोज, रामनाथ, मनीष, हेमंत कुमार,मनहरण, जोहन, कमलेश,गजाधर, नरबदिया बाई सहित आयोजक समिति द्वारा कार्यक्रम की व्यापक तैयारियां कर रही है।

### गाड़ी ओवर टेंक कर अपनी मौत को खुद दे रहे है आमंत्रण दुर्घटना होने पर लगाते है शासन प्रशासन पर इल्जाम

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कारधानी में सुरक्षा दृष्टि को देखते हुए पुलिस द्वारा चिखली ओवर ब्रिज में लगाए गए बेरी गेट को हटाने की घटना चिंताजनक है। यह घटना न केवल सुरक्षा के लिए खतरनाक है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि कुछ लोग सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करना चाहते हैं पुलिस की टीम द्वारा बेरी गेट की निरंतर देखरेख की जा रही है, लेकिन यह सवाल उठता है कि कब तक यह देखरेख जारी रह सकती है। रात्रि काल में या पुलिस की अनुपस्थिति में लोग फिर से बेरीगेट को हटा रहे हैं और दुर्घटना को आमंत्रित कर रहे हैं इस समस्या का समाधान निकालने के लिए पुलिस और स्थानीय प्रशासन को मिलकर काम करना होगा। सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक करना और बेरी गेट की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त उपाय करना आवश्यक है।



### पेयजल पाइपलाइन के साथ किए जा छेड़छाड़ पर एक अन्य कॉलोनी संचालक को नोटिस

# कॉलोनी की समस्याओं को लेकर आयुक्त को ज्ञापन, पुलिया निर्माण सहित अन्य विषयों पर चर्चा



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** टांका घर वार्ड के अंतर्गत आने वाले नेहरू नगर कालोनी के रहवासियों ने आज नगर निगम कार्यालय पहुंचकर आयुक्त अतुल विश्वकर्मा से मुलाकात की। इस दौरान कॉलोनी वासियों ने ज्ञापन भी सौपा है जिसमें जर्जर हो चुकी पुलिया का जल्द से जल्द निर्माण कराने और अन्य समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराने के लिए बातें रखी है। इसके साथ ही पाइपलाइन से की जा रही छेड़छाड़ को लेकर शिकायत भी दर्ज कराई है। जिस पर उन्होंने उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

ज्ञात हो कि शहर की सबसे प्राचीन कॉलोनी के रूप में शुमार होने वाली नेहरू नगर कॉलोनी में भी सड़क की समस्या यथावत बनी हुई है। कुछ क्षेत्रों में नालियों का निर्माण भी नहीं हो पाया है। यहां तक की कॉलोनी में ना तो स्कूल और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था हो पाई है और ना ही खेल मैदान की सुविधा है। कॉलोनी में बाउडीबाल का अभाव होने के कारण चोरी की घटनाएं भी लगातार होती रहती है। पेयजल समस्या का समाधान सुनिश्चित कराने के लिए पाइपलाइन का जाल तो बिछा दिया गया है। लेकिन वर्तमान में आसपास की कॉलोनी के संचालकों द्वारा पाइपलाइन से छेड़छाड़ भी किया जा रहा है । नगर निगम के कुछ इंजीनियरों के साथ साठगांठ कर डिमांड नोट पटाकर 4 इंच पाइप के स्थान पर 6 इंच पाइपलाइन का जाल बिछा दिया गया। मेन पाइपलाइन से जोड़े जाने पर नेहरू नगर वासियों को पानी की समस्या उत्पन्न होगी। जिसको लेकर भी आज आयुक्त को अपनी पीड़ा से अवगत कराया गया। जिस पर उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए पाइपलाइन से किये जा रहे छेड़छाड़ पर संचालक को तत्काल नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए हैं। साथ ही 6 इंच के स्थान पर 4 इंच का पाइपलाइन को बिछाने की बातें कहीं गई हैं।

इसके साथ-साथ कॉलोनी में जर्जर हो चुकी पुलिया का जल्द से जल्द निर्माण कराने एवं जर्जर सड़कों का पेंच वर्क कराने का आश्वासन भी दिया है। साथ ही कॉलोनी में एक अतिरिक्त गार्डन निर्माण एवं उसमें पाथवे निर्माण पर भी उन्होंने अपनी मंशा जाहिर की है। इसके साथ राम दरबार चौक से लेकर नेहरू नगर चौक तक स्ट्रीट लाइट की भी भरपूर व्यवस्था कराने की बातें कही है। मुलाकात के दौरान पार्षद सतीश मसीह, डॉक्टर श्री कौमार्य,जे पी साहू,श्री महिपाल,श्री गायधने,श्री थेर, अनिल त्रिपाठी,श्री देवांगन, भरत भूषण पांडे,श्री कुमार, श्रीमती नीलम सिंह, श्रीमती राय एवं काफी संख्या में नेहरू नगर वासी उपस्थित थे।

### सरपंच कुलदीप व उपसरपंच टीकम निषाद ने बगदई में श्रीराम मंदिर निर्माण का किया भूमिपूजन



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम पंचायत बगदई में निषाद समाज श्रीराम मंदिर निर्माण का भूमिपूजन कार्यक्रम सरपंच कुलदीप सिंह ठाकुर व उपसरपंच टीकम निषाद ने किया । निषाद समाज के लिए गर्व की बात है कि समाज के जिला महासचिव टीकम निषाद के उपसरपंच बनने पर सर्वप्रथम अराध्य देव श्रीराम मंदिर निर्माण का भूमिपूजन किया गया । श्रीराम मंदिर निर्माण का भूमिपूजन होने से बगदई निषाद समाज के लोगों में हर्ष का माहौल है । श्रीराम मंदिर निर्माण भूमिपूजन कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बगदई के पंचगण अतेश्वरी ठाकुर, लाला पटेल, भूपेन्द्र निषाद, मनीषा निषाद, डिलेवरी पटेल, शशी साहू, सीता दुबे, रामबाई साहू, ईश्वरी बाई पटेल, पूर्णिमा बाई पटेल सहित निषाद समाज के पदाधिकारी व ग्रामीण जन क्षेत्रीय अध्यक्ष कृपा राम निषाद, दिलीप दुबे, अगेस पटेल, राजकुमार पटेल, होरी लाल पटेल, सरजू निषाद, कोमल निषाद, ज्ञानेश्वर पटेल, प्रेम पटेल, जीवन पटेल, गिरधारी निषाद, खेला निषाद, डाकवर निषाद, रामभरोस पटेल, फुलदास साहू, रोमन ठाकुर आदि उपस्थित थे ।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com